## नवरात्र पर विशेष



### सप्तम-कालरात्रि

नवरात्रि के सातवें दिन मां कालरात्रि की आराधना की जाती है। देवी का वाहन गर्दभ (गधा) है। शरीर का रंग गहन अंधकार की भांति काला है, नाक से श्वसन प्रक्रिया में अग्नि की ज्वाला निकलती है। बाल बिखरे हुए हैं। गले में नरमुंडों की माला और मुर्दों पर सवार देवी का यह स्वरूप भयानक अवश्य है, लेकिन फिर भी मां सदैव शुभ फल ही देती है। इसी कारण इन्हें शुभंकरी भी कहा जाता है। कालरात्रि दुष्टों का विनाश करती है। दैत्य-दानव, राक्षस और भूत-प्रेत तो देवी के स्मरण मात्र से भाग जाते हैं। अपने भक्तों के प्रति उदारमना देवी का एक हाथ सदैव वरदान देने के लिए उठा रहता है। इनकी पूजा करने वाले को अग्नि-भय, जल-भय, शत्रु-भय, रात्रि-भय कभी नहीं होते। इन मां की कृपा से भक्त सर्वथा भय से दूर रहता है। मां कालरात्रि भक्तों को सदैव सुख देने वाली हैं। इनकी उपासना का श्लोक है-

*एकवेणी जपाकर्णपूरा नग्ना खरास्थिता।*
*लंबोष्ठी कर्णिकाकर्णी तैलाभ्यक्तशरीरिणी॥*

## सेवानिवृत्त प्राचार्य को डिजिटल अरेस्ट कर की थी 3.3 करोड़ की ठगी

# बैंक कर्मी की जमानत खारिज कर हाईकोर्ट ने कहा- 'मासूम लोगों की कमाई लूट रहे गिरोह'

हरिभूमि न्यूज ▸▸ चंडीगढ़

हाईकोर्ट ने डिजिटल अरेस्ट जैसे उभरते साइबर अपराधों पर गंभीर चिंता जताते हुए एक बैंक कर्मचारी की जमानत याचिका खारिज कर दी। अदालत ने स्पष्ट कहा कि इस तरह के संगठित अपराधी मासूम लोगों को निशाना बनाकर उनकी जीवन भर की कमाई हड़प रहे हैं।

मामले की सुनवाई करते हुए जस्टिस जस्टिस मनीषा बत्रा ने कहा कि प्रथम दृष्टया आरोपित की भूमिका अपराध में सक्रिय और महत्वपूर्ण दिखाई देती है। कोर्ट ने टिप्पणी की कि "ऐसे अपराध लगातार बढ़ रहे हैं और निर्दोष लोगों को बेहद चालाक तरीकों से ठगा जा रहा है।" यह मामला गुरुग्राम के साइबर अपराध थाने में 31 जनवरी 2025 को दर्ज एफआईआर से जुड़ा है। शिकायतकर्ता सेवानिवृत्त प्राचार्य डॉ. अनीता है को डिजिटल अरेस्ट के नाम पर करीब 3.3 करोड़ रुपये की ठगी का शिकार बनाया गया। आरोप है कि ठगों ने खुद को सरकारी एजेंसी का अधिकारी बताकर उन्हें मनी लान्ड्रिग और अवैध गतिविधियों में फंसाने की धमकी दी। पीड़िता को वीडियो कॉल के जरिए मानसिक दबाव में रखा गया और कहा गया कि उनको 14 साल की सजा हो सकती है। इतना ही नहीं, परिवार के बैंक खाते फ्रीज करने और परिजनों को भी गिरफ्तार करने की धमकी देकर उन्हें घर में ही डिजिटल अरेस्ट जैसा माहौल बना दिया गया। इस दौरान उनसे बार-बार बड़ी रकम ट्रांसफर करवाई गई।

इस मामले में राज्य की ओर से पेश पक्ष ने जमानत का विरोध करते हुए कहा कि आरोपित की भूमिका गंभीर और स्पष्ट है। अदालत ने भी इस तर्क से सहमति जताते हुए कहा कि अपराध की प्रकृति, रकम का बड़ा पैमाना और संगठित तरीके से किए गए कृत्य को देखते हुए इस स्तर पर जमानत देना उचित नहीं होगा। अदालत ने यह भी माना कि आरोपी के रिहा होने पर साक्ष्यों से छेड़छाड़ या गवाहों को प्रभावित करने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। ऐसे में जमानत याचिका खारिज कर दी गई।

### बैंक कर्मी पर आरोप-चेक क्लीयरेंस में मदद की



जांच में सामने आया कि ठगी की रकम का हिस्सा विभिन्न खातों में भेजा गया, जिनमें से एक खाते में 62 लाख रुपये ट्रांसफर किए गए, जबकि करीब 9.9 लाख रुपये एक अन्य सह-आरोपी के खाते में पहुंचे। इसी कड़ी में बैंक कर्मचारी जसविंदर की भूमिका सामने आई। अभियोजन के अनुसार, जसविंदर, जो लाडवा शाखा में कार्यरत था, ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए फर्जी लेनदेन को सुगम बनाया। उस पर आरोप है कि उसने 10 लाख रुपये के चेक क्लीयर कराने में मदद की और कमीशन भी लिया। विशेष रूप से 5 लाख रुपये का चेक शाहाबाद शाखा में भुनाने में उसकी सक्रिय भूमिका बताई गई है।

### प्रॉपर्टी ठगी विवाद : सीईओ के खिलाफ केस की जांच पर रोक

**चंडीगढ़।** गुरुग्राम के चर्चित 32वीं एवेन्यू प्रोजेक्ट में कथित धोखाधड़ी मामले में सीईओ ध्रुव दत्त शर्मा को बड़ी राहत देते हुए पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने उनके खिलाफ दर्ज की एफआईआर में जांच पर अंतरिम रोक लगा दी है। हालांकि अदालत ने स्पष्ट किया कि एक प्रमुख धोखाधड़ी मामले में जांच जारी रहेगी। मामले की सुनवाई करते हुए हाई कोर्ट जस्टिस सुभाष मेहला की पीठ ने हरियाणा सरकार को नोटिस जारी किया और अगली सुनवाई 8 अप्रैल 2026 के लिए निर्धारित की है। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि सिविल लाइंस, गुरुग्राम में दर्ज एफआईआर नंबर 262/2025 को छोड़कर अन्य सभी मामलों में फिलहाल आगे की कार्रवाई पर रोक रहेगी। यह मामला उस आरोप से जुड़ा है जिसमें कहा गया है कि 32वीं एवेन्यू के सीईओ ने एक ही व्यावसायिक यूनिट को कई खरीदारों को बेच दिया। एफआईआर नंबर 262/2025 एक व्यक्ति की शिकायत पर दर्ज की गई थी, जिसमें आरोप लगाया गया कि उसके बेटे ने दिसंबर 2021 में एक कमर्शियल यूनिट बुक की थी, लेकिन जून 2025 से किराया नहीं दिया गया। याचिकाकर्ता की ओर से दलील दी कि यह मामला आपराधिक नहीं बल्कि मकान मालिक और किरायेदार के बीच का सिविल विवाद है।

## मोरनी हिल्स में हिडन कैमरे से बनाया अश्लील वीडियो

# हनी ट्रैप में फंसा ठेकेदार से मांगे 25 लाख, दंपति काबू

- बार-बार की ब्लैकमेलिंग से परेशान होकर शिकायत दी



हरिभूमि न्यूज ▸▸ पंचकूला

ऐशो आराम की जिंदगी जीने के लिए एक दंपति ने हनी ट्रैप गिरोह बनाकर युवकों को फंसाने की योजना बनाई। कैथल निवासी एक ठेकेदार को फंसाकर महिला ने छुपे कैमरे से उसके साथ अश्लील वीडियो बना लिया और ब्लैकमेल कर 50 लाख रुपये मांगने लगी। पुलिस ने 25 लाख रुपये लेते हुए आरोपियों को काबू कर लिया।

पंजाब के जीरकपुर की रहने वाली ब्यूटी पॉर्लर चलाने वाली युवती ने करीब 6 माह पहले पंजाब के सरहिंद शहर निवासी युवक दिलप्रीत सिंह से लव मैरिज की। युवक सरहिंद में ही सैलून चलाता है। पूछताछ में सामने आया कि युवक नशे का आदी है। दोनों ऐशो-आराम की जिंदगी जीना चाहते थे, ऐसे में एक दिन उन्होंने हनी ट्रैप की योजना बनाई और पहले से जानकार युवकों को उसमें फंसाने की ठानी। ब्यूटी पॉर्लर संचालिका ने कैथल के ठेकेदार को फोन किया और उसे मिलने के लिए बुलाया। ठेकेदार ने युवती के लिए पंचकूला के मोरनी स्थित होटल में कमरा बुक किया। युवती ने पहले से ही अपने हैंडबैग में हिडन कैमरा फिट करवा लिया था। ठेकेदार को शक हुआ। उसने बैग छीनकर उसका कैमरा तोड़ दिया। उसे नहीं पता था कि कैमरा वाई-फाई ऑपरेटिड है। युवती के पति ने घर बैठे उनकी वीडियो क्लिप बना ली। बाद में उसी क्लिप के दम पर 50 लाख रुपये की डिमांड की गई। ठेकेदार ने पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने जाल बिछाया और उन्हें मिलने के लिए ठेकेदार से कहा। आरोपियों के साथ 25 लाख रुपये में सौदा तय हुआ। इसके बाद जैसे ही आरोपी ठेकेदार से पैसे लेने के लिए आए, पुलिस ने उन्हें अरेस्ट कर लिया। आरोपियों से हिडन कैमरा, मोबाइल फोन, सिम कार्ड और एक कार भी बरामद की गई है।

## खबर संक्षेप

### दुष्कर्मी को 10 साल का कठोर कारावास

**पानीपत।** एडिशनल सेशन जज (फास्ट ट्रैक कोर्ट ) पीयूष शर्मा की अदालत ने किशोरी को बहला फुसला कर अपने साथ ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म करने के आरोपी राजन मूल निवासी उत्तर प्रदेश हाल निवासी पानीपत को 10 साल के कठोर कारावास की सजा दी। वहीं, कोर्ट ने दोषी राजन पर 45 हजार रुपये का जुर्माना भी किया। जुर्माना नहीं देने पर राजन को 19 माह का अतिरिक्त कारावास भोगना होगा। स्मरणीय है की पीड़ित लड़की की मां की शिकायत पर थाना किला पुलिस ने राजन पर 11 अप्रैल 2022 को किस दर्ज किया था।

### मुआवजा बढ़ाने से हाईकोर्ट का इनकार

**चंडीगढ़।** पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने सड़क हादसे में महिला की मौत के मामले में मुआवजा बढ़ाने की मांग करने वाले परिवार को कड़ी फटकार लगाते हुए स्पष्ट कहा कि अदालत "शुतुरमुर्ग की तरह आंखें बंद" या "गूंगी-बहरी दर्शक" बनकर स्पष्ट असत्यता को नजरअंदाज नहीं कर सकती। न्यायमूर्ति निधि गुप्ता की पीठ ने यह टिप्पणी करते हुए परिवार की अपील खारिज कर दी और मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण द्वारा दिए गए 3.61 लाख रुपये के मुआवजे को सही ठहराया। अदालत ने कहा कि मृतका की आय और उम्र को लेकर भी परिवार ठोस साक्ष्य पेश नहीं कर पाया। ट्रिब्यूनल ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर मृतका की उम्र 62 वर्ष मानी थी, जबकि परिवार ने 55 वर्ष बताई थी।

## एनडीपीएस मामलों में देरी पर हाईकोर्ट ने पंजाब, हरियाणा व चंडीगढ़ से 15 बिंदुओं पर मांगा जवाब

- नशा मुक्ति केंद्रों के आंकड़ों को स्पष्टता से नहीं दे सकी सरकार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ चंडीगढ़

पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में एनडीपीएस मामलों की सुनवाई के दौरान राज्यों की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठे हैं। अदालत ने स्पष्ट किया कि नशे के मामलों में देरी, गवाहों की बार-बार गैरहाजिरी और जब्त मादक पदार्थों के प्रबंधन में खामियां न्याय व्यवस्था को प्रभावित कर रही है। सुनवाई के दौरान यह भी सामने आया कि पंजाब में करीब 240 नशा मुक्ति केंद्र संचालित हो रहे हैं, लेकिन राज्य सरकार इनकी वास्तविक क्षमता और इलाज करा चुके लोगों के सटीक आंकड़े पेश करने में असफल रही। मामले की सुनवाई के दौरान कोर्ट को बताया गया कि पूर्व में राज्यों को विस्तृत डेटा देने के निर्देश दिए गए थे, जिसके अनुपालन में कुछ हलफनामे दाखिल किए गए। हालांकि, इनमें कई महत्वपूर्ण जानकारियों का अभाव पाया गया। अदालत ने विशेष रूप से नशा मुक्ति केंद्रों की कार्यक्षमता, जब्त किए गए मादक पदार्थों के निस्तारण और एनडीपीएस एक्ट की धारा 64ए के प्रभावी क्रियान्वयन पर सवाल उठाए। कोर्ट मित्र की ओर से कोर्ट के समक्ष 15 बिंदुओं पर आधारित विस्तृत सुझाव पेश किए गए हैं, जिनमें ट्रायल प्रक्रिया को तेज करने, गवाहों की समय पर पेशी सुनिश्चित करने, मादक पदार्थों की चोरी या दुरुपयोग रोकने और नशा मुक्ति नीति को प्रभावी बनाने जैसे मुद्दे शामिल हैं। कोर्ट ने इन सभी बिंदुओं पर पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ को अलग विस्तृत जवाब दाखिल करने के आदेश दिए।

## हरियाणवी एक्टर अंजलि की शिकायत पर महिला आयोग ने भोजपुरी गायक पवन को किया तलब



हरिभूमि न्यूज ▸▸ चंडीगढ़

हरियाणा महिला आयोग की चेयरपर्सन ने बादशाह के बाद अब भोजपुरी गायक व एक्टर पवन को नोटिस भेजकर तलब किया है। यह नोटिस उनकी सहायक कलाकार अंजलि राघव द्वारा लगाए आरोपों के आधार पर भेजा है।

यहां पर बता दें कि राघव ने महिला आयोग को दी शिकायत में बताया कि कुछ माह पहले लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पवन सिंह ने उनके साथ कथित रूप से बैड टच किया। महिला आयोग की ओर से दोनों पक्षों के बयान दर्ज करने की कार्यवाही होगी। आरोप लगाया कि इस घटना से जुड़ा एक वीडियो बाद में पवन सिंह के सहयोगियों द्वारा जबरन वायरल कराया गया, जिससे उनकी प्रतिष्ठा को ठेस पहुंची। मामले में उन्होंने आयोग से सख्त कार्रवाई की मांग की है। शिकायत को गंभीरता से लेते आयोग ने दोनों पक्षों को नोटिस जारी किया।

## कुत्ता मारने की जांच करने गए पीएफए सदस्यों पर हमला

**फरीदाबाद।** नेहरू कॉलोनी में एक कुत्ते को पीट-पीटकर जान से मार देने की शिकायत की जांच करने पहुंची पीपल फॉर एनिमल्स एनजीओ की टीम के सदस्यों पर आरोपियों ने जानलेवा हमला बोल दिया। महिला सदस्यों के साथ जमकर मारपीट की गई। आरोपियों ने महिलाओं को सड़क पर गिराकर लाठी डंडे बरसाए। बीच बचाव करने आए एक सदस्य के सिर में डंडा मारकर उसे लहूलुहान कर दिया। एनजीओ की सदस्य हर्षिता का कहना है कि मंगलवार को एक व्यक्ति ने कुत्ते को पीट-पीटकर मार दिया था। इसी सिलसिले में कॉलोनी में आए थे, लेकिन आरोपियों ने टोकने पर उनके ऊपर ही हमला कर दिया। हर्षिता ने बताया कि नगर निगम की तरफ से उनके एनजीओ को डॉग सेनिटेशन और उनकी सुरक्षा व नसबंदी का कार्य दिया गया है। शिकायत पर वह जांच करने गए थे, लेकिन आरोपी पक्ष के महिलाओं व पुरुषों ने उन पर हमला बोल दिया।

# आढ़ती के दो जवान बेटों की सड़क हादसे में मौत

- चचेरे भाई की शादी से लौट रहे थे वापस, पातड़ा के गांव बंगा बसेरा के पास दो गाड़ियों की भिड़ंत में गई जान



हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

जिले के जाखल क्षेत्र में उस समय शोक की लहर दौड़ गई, जब पंजाब के पटियाला जिले में हुए एक भीषण सड़क हादसे में दो सगे भाइयों की जान चली गई। मृतक अपने चचेरे भाई के शादी समारोह से वापस लौट रहे थे, तभी मंगलवार सुबह करीब 5 बजे उनकी कार सामने से आ रही एक अन्य गाड़ी से टकरा गई।

जाखल के प्रसिद्ध आढ़ती सुखदर्शन जिंदल के दो बेटे, हिंमाशु जिंदल और विशाल जिंदल, अपने चाचा दर्शन के बेटे दिनेश की शादी में शामिल होने पंजाब के दिड़बा गए थे। सोमवार रात शादी संपन्न होने के बाद दोनों भाई अपनी कार से वापस जाखल लौट रहे थे। पटियाला जिले के पातड़ा क्षेत्र में स्थित गांव बंगा बसेरा के पास अचानक सामने से आ रहे एक वाहन की तेज लाइट चालक हिमांशु की आंखों पर पड़ी। इससे संतुलन बिगड़ गया और जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भयानक थी कि दोनों भाइयों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

### बड़े भाई का है एक साल का मासूम बेटा

बड़ा बेटा विशाल शादीशुदा था। उसकी शादी 5 साल पहले फतेहाबाद के ही भूना में हुई थी। विशाल अपने पीछे एक साल का मासूम बेटा छोड़ गया है। छोटा भाई हिमांशु अभी अविवाहित था। दोनों भाई अपने पिता के साथ जाखल मंडी में आढ़त का काम संभालते थे।

## 3 लाख लड़कियों को एचपीवी वैक्सीन लगाई जाएगी : राव

**चंडीगढ़।** हरियाणा स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने बताया कि प्रदेश में करीब 3 लाख लड़कियों को ह्यूमन पैपिलोमावायरस वैक्सीन (एचपीवी) निःशुल्क लगाई जाएगी। अब तक लगभग 3280 किशोर लड़कियों को यह वैक्सीन लगाई जा चुकी है। आरती राव ने बताया कि फिलहाल, 14 साल की लड़कियों की सही लिस्ट बनाने के लिए सभी जिलों में हेड काउंट सर्वे करने के निर्देश दिए गए हैं। राज्य में टारगेट किशोर लड़कियों की संख्या कुल आबादी का 1 प्रतिशत है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने 28 फरवरी, 2026 को हरियाणा में यह वैक्सीन लॉन्च की थी। यह इंजेक्शन एचपीवी के टाइप 16 और 18 से सुरक्षा देता है, जो सर्वाइकल कैंसर के लिए ज़िम्मेदार हैं, साथ ही टाइप 6 और 11 से भी सुरक्षा देता है। इसके टारगेट लाभार्थी वे किशोर लड़कियां हैं जिन्होंने 14 साल की उम्र पूरी कर ली है, लेकिन अभी 15 साल की नहीं हुई हैं।




## मौसम

## मार्च अंत तक पश्चिमी विक्षोभ का दिखाई देगा असर

गेहूं कटाई में किसान न करें जल्दबाजी

# 25 और 28 मार्च की रात को बारिश व हवा चलने के आसार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

प्रदेश में पिछले सप्ताह मौसम में हुए बदलाव के कारण क्षेत्र में बारिश, अंधड़ व तेज हवाएं चलीं। इसी कारण दिन व रात के तापमान में गिरावट रही। दिन का तापमान 29 डिग्री व रात्रि तापमान 18 डिग्री रहा है। मौसम विभाग के द्वारा 25 मार्च रात्रि को पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से मौसम में बदलाव की फिर संभावना जताई गई है। इसी कारण से मंगलवार सुबह भी आसमान में बादल छाए रहे। लगातार हो रहे मौसम में बदलाव से किसानों का फसल कटाई कार्य भी प्रभावित हो रहा है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार इसके बाद दूसरा पश्चिमी विक्षोभ 28 मार्च रात्रि को सक्रिय होगा, जिससे 31 मार्च तक बारिश व तेज हवाएं चलने की संभावना है।

गेहूं की फसल भी पककर तैयार हो चुकी है। मौसम बदलने से किसानों को अब उसकी चिंता भी सताने लगी है। बार-बार पश्चिमी विक्षोभ से बादलवाई व हवाएं चलने से किसानों के लिए समस्या जटिल होती जा रही है। पिछले दिनों तेज हवाओं के साथ हुई बारिश के कारण गेहूं की फसल बिछ गई थी। दरअसल पिछले सप्ताह हुई बारिश के बाद सरसों की फसल में अत्याधिक नमी आ गई थी और खेतों में पानी खड़ा हो गया था। इस कारण किसानों को सरसों की कटाई रोकनी पड़ी।

### सरसों को करें इकट्ठा व गेहूं के लिए रुकें

कृषि उपनिदेशक डॉ. राजेश सिहाग का कहना है कि इस समय किसान अपनी सरसों की फसल को काटकर एक जगह इकट्ठी करने की कोशिश करें। जितनी फसल को काटें उसी को एक जगह थोड़े गैप के साथ इकट्ठा करें जिससे अगर ज्यादा बारिश भी होती है, तो भी फसल खराब नहीं होगी। क्योंकि गैप रहने से उसमें हवा पास होगी। सरसों की फसल को काटकर न छोड़ें, अगर तेज हवा आती है तो उसका उड़कर बिखरने का डर बना रहेगा, वहीं अभी गेहूं की फसल में कटाई को लेकर जल्दबाजी नहीं करें। क्योंकि अभी मौसम विभाग के द्वारा 25 मार्च तक मौसम में बदलाव रहने की संभावना जताई गई है।

### दिन में छाई रह सकती है बादलवाई

एचएयू हिसार के मौसम वैज्ञानिक डॉ. मदन लाल खिचड़ ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव के कारण से 25 मार्च से 31 मार्च तक राज्य में बीच-बीच में आंशिक बादलवाई तथा हल्की से मध्यम गति से हवाएं चलने की संभावना है। एक पश्चिमी विक्षोभ 25 मार्च रात्रि को आने की संभावना है जिसके आंशिक प्रभाव से राज्य में 26 व 27 मार्च को बीच-बीच में बादलवाई, हवाएं चलने तथा कहीं कहीं छिटपुट बूंदाबांदी हो सकती है। इसके बाद 28 मार्च रात्रि को आने वाला दूसरा पश्चिमी विक्षोभ काफी एक्टिव होगा, जिस कारण प्रदेश में बारिश होगी व तेज हवाएं चल सकती हैं। इसका असर 31 मार्च तक रहेगा।

